(ग) यदि हां, तो भारत में बने सोडा ऐश की लागत इतनी अधिक होने के क्या कारण हैं और इसकी निर्माण लागत तथा विक्रय मूल्य कम करने के लिए सरकार क्या कार्यवाही कर रही है ?

पेट्रोलियम और रसायन तथा समाज कल्याण मंत्री (श्री अशोक मेहता) : (क) और (ख). सोडा ऐश की दूसरे देशों में उत्पादन लागत तुरंत उपलब्ध नहीं है । जापान की उत्पादन लागत की विश्वसनीय सूचना के अभाव में अपनी उत्पादन लागत से उसकी तुलना करना संभव नहीं है । फिर भी साधारण तौर पर यह कहा जा सकता है कि सोडा ऐश की उत्पादन लागत भारत में, और दूसरे महत्वपूर्ण उत्पादन-शील देशों से अधिक है ।

(ग) भारत में अधिक लागत होने के मुख्य कारण हैं:—कारखानों का छोटा आकार, कच्चे माल, संयन्त्र और मशीनरी तथा विद्युत शक्ति की अधिक लागत आदि ।

उत्पादन लागत को कम करने के जो उपाय विचाराधीन हैं उनमें से कुछ हैं : वर्तमान कारखानों का आर्थिक आकार तक विस्तार करना तथा मोडीफाइड सोलवे प्रक्रिया नामक आधुनिकतम प्रक्रिया का अपनाना ।

समाज से सामाजिक बुराइयों को दूर करने के लिए सामाजिक संगठनों का सहयोग

*1664. **श्री प्रो० प्र० त्यागी** : क्या समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने समाज से जातिपाति, प्रान्तीयता और अस्पृश्यता जैसी सामाजिक बुराइयों को दूर करने लिए आर्य समाज और ऐसे अन्य सामाजिक संगठनों का, जो लगभग पिछले 100 वर्षों से इन बुराइयों को दूर करने में संग्लन है, सहयोग मांगा है ;

(ख) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) उनकी सेवाओं का किस प्रकार सर्वोत्तम उपयोग किया जा सकता है ?

समाज कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० श्रीमती फूलरेणु गुह) : (क) से (ग). सरकार की नीति रही है कि धर्म निरपेक्ष स्वैच्छिक संस्थाओं के सामजिक कार्य को बढ़ावा दे । समाज सुधार कार्य की इच्छुक धर्म निरपेक्ष और भी गैर-राजनीतिक संस्थाओं के विशिष्ट प्रस्तावों पर सरकार, विभागीय बजट की सीमाओं के भीतर, विचार करने को तत्पर होगी ।

भारत सहायता सार्थसंघ की बैठक

*1665. **श्री हुकम चन्द कछवाय** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारत से कहा गया है कि वह अपने परिवार नियोजन तथा कृषि कार्यक्रमों के सम्बन्ध में ब्यौरा प्रस्तुत करे ताकि मई, 1968 के दूसरे पखवाड़े में होने वाली भारत सहायता साथंसंघ की बैठक में उस पर विचार किया जा सके; और

(ख) यदि हां, तो क्या उस ब्यौरे को प्रस्तुत करने का सरकार का विचार है ?

उप-प्रधान मंत्री तथा वित्त मंत्री (श्री मोरारजी देसाई) : (क) और (ख). भारत की आर्थिक सहायता सम्बन्धी आवश्यकता पर विचार करते समय भारत सहायता संघ भारतीय आर्थिक स्थिति के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा करता है और आर्थिक विकास के विभिन्न क्षेत्रों जैसे कृषि-उत्पादन, औद्योगिक उत्पादन, निर्यात, परिवार-नियोजन आदि के क्षेत्रों में हुए विकास को ध्यान में रखता है । इस प्रयोजन के लिए भारत सहायता संघ को उपयुक्त सूचना दी जाती है ।

Gold Reserve System

*1666 SHRI SHIVA CHANDRA JHA : Will the Minister of FINANCE be pleased to state :

(a) whether it is a fact that India plan to go off the gold reserve system;

(b) if so, the reasons therefor; and